जिले के अन्नदाताओं पर बारिश और ओलों का संकट

मौसम ने बदला मिजाज, रात में हुई तेज बारिश तो दोपहर में आधा दर्जन गांव में गिरे ओले

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। जिले के मौसम में अचानक से आए बदलाव ने अन्नदाताओं की चिंता बढ़ा दी है, तो वहीं यह चिंता जब और बढ़ गई, तब अर्धरात्रि में तेज चमक के साथ बारिश हुई, तो वहीं दोपहर करीब आधा दर्जन गांवो में बारिश के साथ ओले गिरे, जिसके कारण किसान काफी चिंतित नजर आए। दरअसल इस समय में फसल पककर तैयार है, तो वहीं कई स्थानों पर कटकर खेतों में पड़ी हुई है। जिसकी बजह से गुरूवार और शुक्रवार को हुई बारिश और ओलावृष्टि के का फसलों को नुकसान होने की संभावना जताई जा रहीं है।

दरअसल मार्च के दूसरे सप्ताह में तेज धूप के साथ मौसम में गर्माहाट थी, तो वहीं मार्च के तीसरे सप्ताह में गुरूवार को अचानक से मौसम का मिजाज

बदला, जिसके बाद जहां पहले तो बदलों ने डेरा जमाया और उसके बाद गुरूवार की रात्रि में गरज-चमक के साथ करीब आधे घंटे तक बारिश की तेज बौछार पड़ी। जिसकी बजह से गली-मोहल्लो की सड़कों पर पानी बहता हुआ नजर आया। तो वहीं शुक्रवार की दोपहर जिले के आधा दर्जन गांव में ओले गिरने की सूचना प्राप्त हुई। इन ग्रामो में कुछ स्थानों पर चना के बराबर तो कुछ स्थानों पर बेर के आकार के ओले गिरे। जिन्हें देखकर लोग भगवान से प्रार्थना करते नजर आए।

फसल खराब के डर से बड़ी किसानों की चिंता :

जिले में इस समय फसल पककर तैयार खड़ी है, तो वहीं कुछ स्थानों चना, धनिया और सरसो की कटाई हो रही है। जिसकी बजह से फसल कटकर खेतों में पड़ी है। तो वहीं गेहूं कई गांवो में कट रहा है, तो वहीं कई गांवो में कटकर थ्रेसिंग के लिए खेतों में पड़ा है। गुरूवार को हुई बारिश और शुक्रवार को बारिश के साथ गिरे ओलों की बजह से खेतो में कटी पड़ी फसल को नुकसान होने की संभावना जताई जा रहीं है। तो वहीं किसानों ने बताया कि इस बारिश खेतों में खड़ी फसल को कम नुकसान होगा, तो वहीं कटी हुई फसल को ज्यादा नुकसान होने की संभावना है।

जिले के आधा दर्जन गांवो में गिरे ओले :

गुरूवार को अचानक से हुए मौसम में बदलाव के बाद जहां अर्धरात्रि में जिलामुख्यालय सहित जिले के कई गांवो में बारिश देखी गई। जहां कुछ स्थानों पर बारिश की बूंदे देखी गई, तो वहीं कई स्थानों पर करीब आंधा घंटे तक झमाझम बारिश का नजारा देखने को मिला। वहीं शुक्रवार की दोपहर को जिले छीपोन, रातीखेड़ा, कूड़ई, पिपरई, ईसागढ़ , कदवाया अन्य स्थानों पर बेर और चना के आकार के ओले ने किसानों की परेशानी

बढ़ाई।

जमीनी विवाद में पिस्टल लहराने वाला गिरफ्तार

पुलिस ने आरोपी के कब्जे से बरामद की बंदूक

शस्त्र लाईसेंस निरस्त करने पुलिस ने भेजा प्रतिवेदन

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। विगत दिनों सोनी कालोनी में हुए जमीनी विवाद में मारपीट कर पिस्टल लहराकर धमकी देने के मामले में पुलिस आरोपी गिरफ्तार, घटना में प्रयुक्त हथियार बरामद किया है। साथ ही आरोपी के शस्त्र लाइसेंस निरस्तीकरण हेतु प्रतिवेदन भेजा गया है।

दरअसल देहात थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाते हुए शिवाजी पुत्र रवि त्रिपाठी ने बताया कि सलूजा टावर के सामने पछाड़ीखेड़ा रोड पर राजस्व विभाग द्वारा भूमि सीमांकन किया जा रहा था, उसी दौरान उनके चाचा श्रीकांत त्रिपाठी एवं स्वदेश जैन द्वारा अश्लील गालियां दी गईं, मारपीट की गई तथा पिस्टल लहराकर जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस ने फरियादी की शितायत पर विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया। तो वहीं मामले की गंभीरता को देखते हुये पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा द्वारा थाना प्रभारी देहात उप निरीक्षक भुवनेश शर्मा को त्वरित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। थाना प्रभारी द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये आरोपी श्रीकांत त्रिपाठी पुत्र शिवप्रकाश त्रिपाठी निवासी अंबेडकर भवन के सामने पठार मोहल्ला, को गिरफ्तार किया गया। साथ ही उनसे घटना में प्रयुक्त पिस्टल बरामद की गई। प्रकरण में धारा 119 एवं 351(2) भारतीय न्याय संहिता का इजाफा किया गया है। वहीं आरोपी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। साथ ही आरोपी के पिस्टल लाइसेंस निरस्तीकरण हेतु प्रतिवेदन भेजा गया है, जिस पर विधिवत कार्यवाही प्रचलित है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी देहात उप निरीक्षक भुवनेश शर्मा, आजीम अंसारी, सहायक उप निरीक्षक आमोद तिवारी, प्रधान आरक्षक अतेन्द्र यादव एवं आरक्षक दिवेश वैरागी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

एक नजर में

गांधी पार्क पर सजा श्रीराम दरबार

नवभारत अशोकनगर। नवरात्र के अवसर पर श्री राम महोत्सव समिति द्वारा गांधी पार्क पर श्रीराम दरबार को सजाया गया है। इस दौरान जहां भगवान की प्रतिमा को स्थापित किया गया है, तो वहीं आकर्षक साज-सज्जा की गई है। गौर करने वाली बात ये है कि समिति द्वारा विगत 25 वर्षो से भगवान श्रीराम का दरबार सजाया जा रहा है। जिसमें शहर के गणमान्य नागरिक सहित समाजसेवी संस्थाओं द्वारा अलग-अलग आयोजन किये जाते है। इसी कड़ी में गुरूवार को प्रथम दिन गायत्री परिवार द्वारा दीप यज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने शामिल होकर धर्मलाभ अर्जित किया। तो वहीं नव संवत्सर का स्वागत आतिशबाजी कर किया गया।

पार्षद रेखा ने किया प्रियदर्शनी का स्वागत

नवभारत शाढ़ौरा। विगत दिनों भारतीय जनता पार्टी की मण्डल मंत्री व पूर्व महिला मंडल अध्यक्ष शाढ़ौरा एवं पार्षद रेखा नामदेव ने दर्जनों महिलाओ के साथ केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की धर्मपत्नी प्रियदर्शनी सिंधिया का स्वागत पुष्पगुच्छ भेंट कर व माल्यार्पण एवं तिलक कर अभिनंदन किया । इस दौरान पार्षद रेखा नामदेव के नेतृत्व में महारानी साहब का स्वागत कर रही महिलाएं बहुत खुश थी उनके अंदर ऊर्जा का संचार देखते ही बनता था । तो वहीं उपस्थित महिलाओ से मिलकर महारानी प्रसन्न नजर आयी ।

ईद से पूर्व हुई खरीददारी, बाजार रहे गुलजार

कपड़ा दुकानों से लेकर किराना दुकानों पर उमड़ी भीड़, बच्चों में ईद का उत्साह

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। शुक्रवार को ईद की तैयारियां अंतिम दौर में देखी गई हैं। जिसको लेकर लोगों में खासा उत्साह है। गांव से लेकर में ईद की खरादारी के लिए लोग जुटते नजर आए, जिसकी बजह से बाजार गुलजार रहा। तो वहीं ईद को देखते हुए घरों में साफ-सफाई के साथ पकवानों की तैयारी और मेहमान नवाजी की तैयारियां भी पूरी हो गई है। गुरूवार को शहर के पुराना बाजार, गर्ल्स स्कूल गली, मैन मार्केट सहित अन्य स्थानों पर लोगों की भीड़ देखी गई। इस दौरान जहां लोग अपने लिए जूते, चप्पल से लेकर कपड़ा, टोपी खरीदते हुए नजर आए। तो वहीं महिलाएं किराने की दुकान पर सेवईं, चूड़ी सहित गृहस्थी का सामान खरीदते हुए देखी गई।

बच्चो में दिखा खासा उत्साह :

ईद के मुबारक मौके को लेकर बच्चों में खासा उत्साह देखा गया। जिसके चलते बच्चों के लिए यह

दिन ओर भी खास होता हे क्योंकि उन्हें बड़ों से प्यार और ईदी उपहार मिलती हे। लोग एक दूसरे के गले मिलकर ईद मुबारक कहते हैं ओर खुशियां बांटते है। वहीं बुजुर्गों की कब्र गाह जाकर दुआ करते है। ईद की नमाज के बाद अपने अपने बुजुर्गों की कब्र गाह जा कर अल्लाह से उनके मगफिरत के लिए दुआ मांगते है और उनकी कब्रगाह पर खुशबू अगर बत्ती भी लगा कर आते हैं।

ईद - उल - फितर का महत्व :

ईद - उल - फितर का त्यौहार रमजान के महीने भर के कठिन रोजों के समापन का प्रतीक है। यह दिन खुशियां बांटने के लिए मनाया जाता है। इसे मीठी ईद भी कहते है, क्योंकि इस दिन घरों में विशेष रूप से सेवइयां और मिठाइयां बनती है। इस दिन की शुरुआत सुबह की विशेष नमाज से होती हैं। लोग नए कपड़े पहनकर भाईचारे का संदेश देते हैं दान पुण्य या जकात देना दिन का अहम हिस्सा है, ताकि गरीब भी त्यौहार मना सकें।

श्वान के हमले से तीन वर्षीय बालिका हुई लहूलुहान

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। घर के बाहर खेल रहीं तीन वर्षीय बालिका पर कुत्ते ने हमला कर दिया, जिसमे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। तो वहीं बालिका की रोने की आवाज सुनकर परिवारजन दौड़कर उसे बचाने आए, लेकिन तब तक कुत्ते ने उसे नोचकर लहूलुहान कर दिया। जिसके बाद परिजन उसे उपचार के लिए जिलाअस्पताल लेकर आए जहां चिकित्सकों द्वारा उसका उपचार किया गया, तो वहीं कुत्ते के नोंचने के कारण बालिका के चेहरे में गहरे घाव हो गये है, जिसके चलते बालिका को टांके लगाए गए है।

दरअसल तीन वर्षीय सनवी पुत्री अजय रघुवंशी ग्राम घटावदा अपने घर के बाहर खेल रहीं थी, इसी बीच एक कुत्ते उस पर हमला कर दिया,जिसमें वह लहूलुहान हो गई। आनन-फानन में बालिका को परिजन जिला अस्पताल लाये, जहां बालिका का उपचार किया गया। वहीं बालिका के गहरे घाव होने की बजह से उसे डॉक्टरों की देखरेख में रखा गया है।

चंदेरी को मिला टूरिस्ट पुलिस वाहन, करेगा निगरानी

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। ऐतिहासिक एवं पर्यटन नगरी चंदेरी में आने वाले देश-विदेश के पर्यटकों की सुरक्षा एवं सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए थाना चंदेरी को टूरिस्ट मित्र पुलिस व्यवस्था के अंतर्गत नवीन टूरिस्ट पुलिस वाहन बोलेरो नियो क्रमांक MP03,A-1519 प्रदान किया गया है।

नये टूरिस्ट पुलिस वाहन के बारे में बताते हुए पुलिस अधीक्षक राजीव मिश्रा ने बताया कि उक्त टूरिस्ट पुलिस वाहन का उपयोग प्रमुख रूप से पर्यटन स्थलों पर सतत निगरानी, पर्यटकों की समस्याओं के त्वरित निराकरण, उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ-साथ कस्बा चंदेरी क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने एवं अपराधों की रोकथाम हेतु किया जाएगा। साथ ही उनके द्वारा बताया गया कि पुलिस विभाग पर्यटकों की सुरक्षा एवं सुविधा के लिए प्रतिबद्ध है तथा भविष्य में भी इस दिशा में आवश्यक कदम उठाए जाते रहेंगे।

राजा शिशुपाल की राजधानी है है चंदेरी:

जिला मुख्यालय से लगभग 61 किलोमीटर दूरी पर स्थित चंदेरी में अनेक प्रमुख पर्यटन स्थल जैसे मां जागेश्वरी मंदिर, बादल महल, कोशक महल, लक्ष्मण

मंदिर, कटी घाटी, चंदेरी किला, 32 सीढ़ी बावड़ी, राजा-रानी महल, संग्रहालय, जामा मस्जिद, बड़ा मदरसा, चैबीसी जैन मंदिर, खंदार जी जैन मंदिर, रामनगर महल, सिंहपुर महल, पुरानी कचहरी, किला कोठी, राजघाट डैम, स्टोन विलेज विक्रमपुर, क्राफ्ट विलेज प्राणपुर, बुढ़ी चंदेरी, थूबोन जी जैन तीर्थ एवं नरसिंह मंदिर आदि स्थित हैं, जहां वर्षभर पर्यटकों का आवागमन बना रहता है। साथ ही चंदेरी क्षेत्र में फिल्म शूटिंग भी निरंतर होती रहती है। तो वहीं इस प्राचीन एवं ऐतिहासिक नगरी का उल्लेख द्वापर काल से मिलता है तथा यह राजा शिशुपाल की राजधानी रही है।

झूले से गिरा बालक, पैर फैक्चर

अशोकनगर। ग्राम बेलई में एक दस वर्षीय बालक अपने घर लगे झूले पर झूलते हुए गिर गया, जिसके कारण वह गंभीर रूप से घायल हो गया है। जिसे परिजन उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत उसका पैर फैक्चर होना पाया। जिसके बाद उसके पैर में पट्टा चढ़ाया गया है।

जानकारी के अनुसार दिनेश पुत्र गोविन्द आदिवासी अपने घर की मेयर पर साड़ी से बने झूले में झूल रहा था, इसी दौरान झूला टूटकर गिर गया। जिसकी बजह से वह घायल हो गया और परिजन उसे उपचार के लिए अस्पताल ले कर आए, जहां उसके पैर में चोट आई। फिलहाल बालक के पैर में पट्टा बांधा गया है, तो वहीं बालक को चोट लगने पर उसकी मां का रो-रोकर बुरा हाल है।

हिस्ट्रीशीटरों द्वारा प्लाट पर कब्जा कर किया जा रहा था निर्माण

शिकायत के बाद पुलिस ने किया मामला दर्ज

आरोपियों की तलाश के लिए कराई मुनादी

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। प्लाट पर अवैध रूप से कब्जा कर निर्माण किये जाने के मामले में पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। इसके साथ ही पुलिस द्वारा आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए शहर के मुनादी भी कराई गई है। सतीश लोधी पुत्र चिंटू लाल लोधी निवासी पटेल पार्क द्वारा विगत 17 मार्च को कोतवाली थाना पहुंचकर एक शिकायती आवेदन देते हुए बताया कि सुशील श्रीवास्तव एवं अरविंद

श्रीवास्तव द्वारा उसके निजी प्लॉट पर अवैध रूप से कब्जा कर निर्माण कार्य किया जा रहा है। जिसे रोकने पर आरोपियों द्वारा उसके साथ ही गाली-गलौज की गई। उक्त शिकायत पर संज्ञान लेते हुए थाना कोतवाली द्वारा आरोपी अरविंद श्रीवास्तव, सुशील श्रीवास्तव एवं उसकी पत्नी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 329(3), 351(2), 3(5) के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। वहीं प्रकरण दर्ज होने के बाद से ही आरोपी फरार चल रहे हैं, जिनकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस द्वारा सतत प्रयास किए जा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि आरोपी सुशील श्रीवास्तव एवं अरविंद श्रीवास्तव थाना कोतवाली क्षेत्र के हिस्ट्रीशीटर बदमाश हैं, जिनके विरुद्ध पूर्व से ही अनेक आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध हैं। प्रारंभिक जांच के दौरान यह भी तथ्य प्रकाश में आए हैं कि आरोपियों द्वारा अन्य व्यक्तियों की जमीन/प्लॉट पर भी अवैध कब्जा किए जाने संबंधी शिकायतें प्राप्त हुई हैं। इस संबंध में क्षेत्र में मुनादी कराकर आमजन को सूचित किया गया है कि यदि किसी भी व्यक्ति की भूमि/प्लॉट पर उक्त आरोपियों द्वारा अवैध कब्जा किया गया हो, तो तत्काल थाना कोतवाली पुलिस को सूचित करें, जिससे आरोपियों के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके।

कार्यक्रम

168वें बलिदान दिवस पर हुआ कार्यक्रम का आयोजन

वीरांगना अवंती बाई लोधी का मनाया बलिदान दिवस

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में अदम्य साहस और वीरता का परिचय देने वाली अमर शहीद वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी का 168वां बलिदान दिवस शुक्रवार को पटेल पार्क में श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोधी समाज के लोगों सहित सामाजिक एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम की शुरुआत वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी की प्रतिमा पर पुष्पमाला अर्पित कर श्रद्धांजलि देने के साथ हुई। उपस्थित समाजजनों ने उनके त्याग, बलिदान और देशभक्ति को याद करते हुए नमन किया तथा उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। पूरे आयोजन के

दौरान देशभक्ति एवं समाज जागरूकता का वातावरण बना रहा। उद्बोधन में वक्ताओं ने रानी अवंती बाई लोधी के जीवन संघर्ष और स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। गुमान सिंह लोधी (शिक्षक) ने कहा कि रानी अवंती बाई लोधी ने अंग्रेजी शासन के विरुद्ध साहसपूर्वक संघर्ष कर देश की महिलाओं के लिए प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया। उन्होंने युवाओं से इतिहास से प्रेरणा लेकर राष्ट्र एवं समाज के प्रति जिम्मेदारी निभाने का आह्वान किया। वहीं राजकुमार लोधी ने वीरांगना की वीरगाथाओं का उल्लेख करते हुए समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने विशेष रूप से दहेज प्रथा और मृत्यु भोज जैसी सामाजिक बुराइयों को खत्म करने के लिए सामूहिक प्रयास करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि समाज तभी आगे बढ़ेगा जब शिक्षा, समानता और सामाजिक सुधार को प्राथमिकता दी जाएगी। बेदराम लोधी ने अपने संबोधन में रानी अवंती बाई लोधी के जीवन संघर्ष, नेतृत्व क्षमता और बलिदान की ऐतिहासिक घटनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि उनका जीवन समाज के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा। उन्होंने कहा कि वीरांगना का बलिदान हमें राष्ट्रप्रेम और आत्मसम्मान की भावना से जोड़ता है। इस दौरान लोधी समाज के लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

गहौई वैश्य महिला समिति ने फूलों की होली खेलकर प्रारंभ किया नव संवत्सर

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। श्री गहोई वैश्य महिला मंडल के द्वारा चैत्र नवरात्रि की पूर्व संध्या पर नव संवत्सर अभिनंदन एवं मैत्री समारोह का आयोजन छैलाबाग मंदिर प्रांगण में किया गया। जिसमें समाज की महिलाएं और बच्चे उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत प्रभु आराधना से की गई और इसके बाद सभी ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली के त्योहार की याद करते हुए फूलों की होली खेलते नव संवत्सर का अभिनंदन किया। इस दौरान गहोई महिला मंडल की अध्यक्ष सुशीला गुप्ता ने बताया कि हमारी हिंदू संस्कृति में नव संवत्सर का बड़ा ही महत्व है। सही मायने में यही हमारा नव वर्ष है। इस दिन हम अपने बड़ों को प्रणाम करते हुए उनका आशीर्वाद लेते हैं, तथा नई पीढ़ी को

संस्कारवान बनाने की प्रेरणा देते हैं। तो वहीं कार्यक्रम में मनीषा छिरोलिया एवं प्रीति सेठ ने मनोरंजक गेम खिलाते हुए उपस्थित महिलाओं में नई ऊर्जा का संचार किया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष विजयलक्ष्मी, रिया छिरोलिया, कोषाध्यक्ष प्रीति सेठ, सचिव मनीषा छिरोलिया, सह सचिव नेहा पिपरसानियाँ, पीआरओ अंजू नौगरैया के अलावा नीलू सेठ, ज्योति सेठ, मंजू नौगरैया, अनीता खैरा सहित अन्य महिलाएं मौजूद रहीं।

बाइक फिसलने से दो घायल

अशोकनगर। कदवाया थाना अंतर्गत ग्राम छपरा के समीप दो युवक बाईक फिसलने से घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए एंबुलेंस से जिलाअस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार छोटू पुत्र सुमेरचंद जाटव और गोलू पुत्र उधम सिंह जाटव बाईक से अपने गांव से आ रहे थे, इसी बीच उनकी बाईक अंनियत्रित होकर फिसल गई। जिसमें दोनो युवक घायल हो गए, इस घटना में छोटू की स्थिति ज्यादा खराब बताई जा रहीं है।

फांसी के फंदे पर झूली युवती

अशोकनगर। चंदेरी थाना अंतर्गत मातामढ़ मोहल्ला निवासी एक 18 वर्षीय युवती ने फांसी के फंदे पर झूलकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। जानकारी के अनुसार बंदना पुत्री महाराज सिंह ने अपने घर पर फांसी लगा ली, जिससे उसकी मौत हो गई।